संपादकीय

# भरोसा क्यों डोल रहा है?

**अगर सबसे धनी लोगों को यह लगने लगे कि इस देश में अब कोई भविष्य नहीं है, तो इस बात को अति गंभीर माना जाएगा। यह आम अनुभव है कि बेहतर भविष्य नजर आता हो, तो कोई भी अपने देश से नाता नहीं तोड़ना चाहता।**

**जिस देश से उसके अपने नागरिकों का भरोसा डोलने लगे, उसके भविष्य के बारे में चिंतित होने की ठोस वजह रहती है। अगर गरीब लोग बेहतर अवसरों की तलाश में बाहर जा रहे हों, तो बात फिर भी समझ में आती है। लेकिन अगर धनी, बल्कि सबसे धनी लोगों को यह लगने लगे कि इस देश में अब कोई भविष्य नहीं है, तो इस बात को अति गंभीर माना जाएगा। यह आम समझ है कि अगर बेहतर भविष्य नजर आता हो, तो कोई भी अपने देश से नाता नहीं तोड़ना चाहता। पिछले साल आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारत के धनी लोग देश छोड़ने के इच्छुक हैं। लोगों को दूसरे देशों की नागरिकता और वीजा दिलाने वाली ब्रिटेन स्थित अंतरराष्ट्रीय कंपनी हेनली एंड पार्टनर्स यह बता चुका है कि गोल्डन वीजा यानी निवेश के जरिए किसी देश की नागरिकता चाहने वालों में भारतीयों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हेनली ग्लोबल सिटिजंस रिपोर्ट के मुताबिक नागरिकता नियमों के बारे में पूछताछ करने वालों में 2020 के मुकाबले 2021 में भारतीयों की संख्या 54 प्रतिशत बढ़ गई।**

**2020 में भी उससे पिछले साल के मुकाबले यह संख्या 63 प्रतिशत बढ़ी थी। इसी पृष्ठभूमि में जब सरकार ने नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या संसद में बताई, तो यह प्रश्न फिर से चर्चित हुआ। सरकार की तरफ से बताया गया कि पिछले कुछ सालों में भारत की नागरिकता छोड़ने वाले लोगों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। 2021 में 1.63 लाख और 2022 में 2.25 लाख लोगों ने नागरिकता छोड़ी। 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है। पिछले तीन साल के दौरान पांच भारतीय नागरिकों ने यूएई की नागरिकता हासिल की है। संख्या पर एक नजर डालने से साफ होता है कि 2015 के बाद से नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। सिर्फ 2020 में इसमें अचानक गिरावट आई, लेकिन उस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया में आना-जाना ठहरा हुआ था। लॉकडाउन के बाद जैसे ही सीमाएं खुलीं, इस संख्या में फिर इजाफा होने लगा।**

# एयर इंडिया ने एयरबस से 250 विमानों के खरीदने का किया समझौता

**नई दिल्ली।** सरकार से टाटा समूह के नियंत्रण में आयी एयर इंडिया ने अपने बेड़े के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस से 250 विमानों के खरीद समझौते की घोषणा की।



इस समझौते की घोषणा एक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करते हुए टाटा संस के अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, हम एयर इंडिया को एक विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए बदलाव की विशाल प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और टाटा ट्रस्ट के प्रमुख रतन टाटा भी जुड़े थे। श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया ने एयरबस से 250 विमानों का सौदा किया है। यह एयरबस के साथ सबसे बड़े सौदों में से एक है।

इस मौके पर श्री मोदी ने टाटा समूह और एयरबस को इस समझौते के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह भारत और फ्रांस के बीच प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है और इसमें भारत के उड्डयन क्षेत्र की सफलतायें और आकांक्षायें भी झलकती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का नागर विमानन क्षेत्र भारत के विकास की यात्रा का एक समन्वित अंग है। हमारी राष्ट्रीय अवसरंचना नीति में नागर विमानन क्षेत्र एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि भारत में पिछले आठ साल में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 147 हो गयी है। उड़ान योजना से दूरदराज के क्षेत्रों में भी हवाई सेवा का विस्तार हुआ है और इसे जनता के आर्थिक और सामाजिक विकास का बल मिला है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उड्डयन बाजार होगा और भारत में 15 साल में दो हजार से अधिक और विमानों की जरूरत होगी।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के 'मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड' की सोच से भारत में विमानन विनिर्माण उद्योग में नयी संभावनायें उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने भारत और फ्रांस के संबंधों पर कहा कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति का मामला हो या खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा का मामला हो, दोनों देश मिलकर सार्थक योगदान कर रहे हैं।

श्री मैक्रां ने कहा कि उनका देश भारत को सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रौद्योगिकी मुहैय्या कराने की गहरी प्रतिबद्धता रखता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता दर्शाता है कि एयरबस और उसके भागीदार भारत के साथ और अधिक कारोबार करने को उत्सुक हैं जिनमें विमान इंजन बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी सफरान भी शामिल है। उन्होंने इस समझौते को दोनों देशों के संबंधों में मील का पत्थर करार दिया।

एयरबस के प्रमुख गुईलाउमे फॉरी ने कहा कि यह भारत एयर इंडिया और एयरइंडिया के लिए ऐतिहासिक क्षण है, यह भारत में नागर विमानन क्षेत्र के विकास को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि टाटा समूह इस समय एयर इंडिया के अलावा विस्तारा और एयर एशिया का परिचालन भी कर रहा है। इसकी योजना अपने पूरे एयरलाइन कारोबार को एक समन्वित रूप देना है।

# अक्षदीप, प्रियंका ने पेरिस ओलंपिक के लिये किया क्वालीफाई

**रांची।** अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी ने यहां आयोजित इंडिया ओपन राष्ट्रीय पैदल चाल प्रतियोगिता में अपने-अपने मुकाबले जीतकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया।



अक्षदीप ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड में 20 किमी का सफर तय करके न सिर्फ ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया, बल्कि नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड संदीप कुमार के पास था, जिन्होंने एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड में 20 किमी तय किये थे।

इस वर्ष पुरुषों की पैदल चाल के लिये क्वालीफाइंग समय एक घंटा 20 मिनट 10 सेकंड रखा गया था। सूरज पंवर ने एक घंटा 20 मिनट 11 सेकंड में रेस पूरी कर ली मगर 0.01 सेकंड के अंतर से ओलंपिक पहुंचने से चूक गये।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता प्रियंका ने एक घंटे 28 मिनट 50 सेकंड में 20 किमी की रेस पूरी करके लगातार दूसरी बार ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया। इससे पहले उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2021 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिये क्वालीफाई करने के दौरान उत्तर प्रदेश की प्रियंका अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के भी करीब पहुंचीं, हालांकि वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ समय 1:28.45 से 0.05 सेकेंड पीछे रह गयीं।

इसी बीच, भावना जाट एक घंटा 29 मिनट 44 सेकंड के समय के साथ 0.24 सेकेंड से ओलंपिक में जगह बनाने से चूक गयीं और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दूसरी स्थान पर रहीं।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें आज भी यथावत रहीं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्ताहांत पर लंदन ब्रेंट क्रूड 1.07 प्रतिशत की गिरावट लेकर 85.68 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.48 प्रतिशत उतरकर 78.95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## यूरोपीय संघ 2035 से गैस और डीजल कारों की बिक्री पर लगाएगा प्रतिबंध

**लंदन।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवीएस) की ओर बढ़ते कदम के तहत यूरोपीय संसद ने 2035 से ईयू में नई गैस और डीजल कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के कानून को मंजूरी दे दी है। नया कानून 2035 में नई कारों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए शून्य सीओ2 उत्सर्जन का मार्ग निर्धारित करता है।



आयोग 2025 तक यूरोपीय संघ के बाजार में बिकने वाली कारों और वैन के पूरे जीवन चक्र में सीओ2 उत्सर्जन पर डेटा का आकलन और रिपोर्ट करने के लिए एक पद्धति पेश करेगा।

यूरोपीय संसद के सदस्य के अनुसार, यह विनियमन शून्य और कम उत्सर्जन वाले वाहनों के उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा। इसमें 2030 के लिए लक्ष्यों का एक महत्वाकांक्षी संशोधन और 2035 के लिए शून्य-उत्सर्जन लक्ष्य शामिल है, जो 2050 तक जलवायु तटस्थता तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण है।

ह्यूटिमा ने कहा, शून्य-उत्सर्जन कारों को खरीदना और चलाना उपभोक्ताओं के लिए सस्ता हो जाएगा और सेकेंड-हैंड बाजार अधिक तेजी से उभरेगा। यह टिकाऊ ड्राइविंग को सभी के लिए सुलभ बनाएगा।

आयोग ने कहा, एक कैलेंडर वर्ष (1,000 से 10,000 नई कारों या 1,000 से 22 000 नई वैन) में छोटे उत्पादन की मात्रा के लिए जिम्मेदार निर्माताओं को 2035 के अंत तक छूट दी जा सकती है।

हर दो साल में, 2025 के अंत से आयोग शून्य-उत्सर्जन सड़क गतिशीलता की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए एक रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

कानून को पहली बार यूरोपीय संघ के देशों, यूरोपीय संसद और यूरोपीय आयोग के वार्ताकारों ने पिछले साल अक्टूबर में स्वीकार किया था। वोक्सवैगन जैसे कई वाहन निर्माता पहले ही 2033 तक यूरोप में केवल ईवी का उत्पादन करने के लिए कह चुके हैं।

## आरसीबी की मेंटर बनीं टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा, महिला क्रिकेटरों को देंगी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग की सारी तैयारियां हो चुकी हैं। इस बड़ी क्रिकेट लीग के लिए कुछ ही दिनों पहले बीसीसीआई ने मुंबई में ऑक्शन आयोजित किया था। वहीं अब इस टीम में महान टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को भी एक बड़ा रोल मिल गया है। सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से बुधवार को इसकी पुष्टि की। टेनिस खिलाड़ी सानिया ने इस पर बताया कि वह खुद इस बात से हैरान थीं कि उन्हें क्रिकेट टीम की मेंटर बनने का ऑफर मिला है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे स्वीकार किया।



आरसीबी के ट्वीटर हैंडल पर लिखा गया महिलाओं के लिए भारतीय खेलों में अग्रणी, एक युवा आइकन, जिसने अपने पूरे करियर में निडर होकर खेला और बाधाओं को पार किया है, जो मैदान के अंदर और बाहर एक चैंपियन हैं। आरसीबी महिला क्रिकेट टीम की मेंटर के रूप में सानिया मिर्जा का स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की मेंटर बनने के बाद सानिया ने टीम के लिए बातचीत में कहा मैं थोड़ा हैरान थी, लेकिन मैं उत्साहित थी। सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, मैं 20 वर्षों से एक पेशेवर एथलीट हूं। मेरा अगला काम युवा महिलाओं और युवा लड़कियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करना है कि खेल उनके लिए करियर के पहले विकल्पों में से एक हो सकता है।

यह पूछे जाने पर कि वह रॉयल चैलेंजर्स के लिए क्या लाएंगी, मिर्जा ने कहा कि दबाव से निपटना किसी भी खेल में सबसे अहम पहलू है और वह खिलाडि़यों के साथ उनके मानसिक पहलू पर काम करेंगी। उन्होंने कहा इतनी समानताएं हैं (क्रिकेट और टेनिस के बीच)। हर एथलीट एक जैसा सोचता है, वे एक ही तरह के दबाव से गुजरते हैं। सिर्फ दबाव की स्थितियों को संभालना, उन्हें स्वीकार करना बहुत जरूरी है। दबाव एक खास चीज है, अगर आप इसे स्वीकार नहीं कर सकते, तो आप दबाव में बेहतर नहीं हो सकते। सबसे बड़े चैंपियन वे हैं जो दबाव को झेल सकते हैं।'

## एशियाई खेलों में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला आईक्यू फॉइलर बनीं कोएल्हो

**मुंबई।** कात्या कोएल्हो 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोऊ में होने वाले एशियाई खेलों की आईक्यू फॉइल प्रतियोगिता में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला सर्फर बन गयी हैं।



आईक्यू फॉइल एक प्रकार का विंडसर्फिंग वर्ग नौकायन खेल है।

कात्या ने सेल इंडिया चैंपियनशिप 2023 में महिला वर्ग में तीसरे ट्रायल में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई किया। वह चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे 199 भारतीय प्रतियोगियों में से एक थीं।

एशियाई खेलों में जगह बनाने के बाद कात्या ने कहा, इतने बड़े मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना मेरे करियर का एक बड़ा क्षण है। मैं भारत के लिये स्वर्ण जीतना चाहती हूं। जैसे-जैसे नये खेलों को भारत में पहचान मिलेगी और उन्हें प्रशंसकों से प्यार और समर्थन मिलेगा, हम देखेंगे कि और एथलीट सामने आयेंगे और अपने देश को गौरवान्वित करेंगे।

एशियन ओपन चैंपियनशिप 2015 में दो पदक जीतने वाले कात्या ने यॉचिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और एशियाई खेलों के तीनों चयन ट्रायल्स की आईक्यू फॉयल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

कात्या 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली महिला भारतीय विंडसर्फर भी थीं। अनुभवी सर्फर ने अपने सुसज्जित करियर में 10 राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और दो एशियाई ओपन चैंपियनशिप कांस्य जीते हैं। वह 2014 में युवा ओलंपिक में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला विंडसर्फर भी थीं।

## गदर 2 का मोशन पोस्टर जारी, तारा सिंह और सकीना की दिखी झलक

'गदर- एक प्रेम कथा' बॉलीवुड की सबसे सफल फिल्मों से एक हैं और बॉक्स ऑफ़िस पर इसने सफलता के नए आयाम लिखे थे. ये फिल्म करीब 20 साल पहले पर्दे पर आई थी, लेकिन इसका क्रेज आज भी फैंस के बीच में जिंदा है. फिल्म के सीन्स से लेकर डॉयलग्स तक हर किसी के दिलों में जिंदा है. ऐसे में अब इसकी रिलीज़ के 20 साल बाद इसके सीक्वल गदर 2 का एलान किया गया है. ऐसे में अब अब वैलेंटाइन डे के मौके पर फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट के अलावा तारा और सकीना यानी सनी देओल और अमीषा पटेल की झलक देखने को मिल रही है.




वैलेंटाइन डे के मौके पर गदर 2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने फिल्म का मोशन पोस्ट रिलीज किया है, जिसमें सनी देओल और अमीषा पटेल, गदर के तारा और सकीना के गेटअप में एक-दूसरे को देखते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं आगे वीडियो में लिखा है, प्रेम कहानी का फिर से गवाह बनने के लिए तैयार हो जाइए. आगे गदर 2 लिखा हुआ है. वहीं फिल्म की रिलीज डेट यानी 11 अगस्त को सिनेमाघरों में लिखा हुआ दिख रहा है. इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, दिल खुश कर दिया सर. दूसरे ने लिखा, एक और चांस दीजिए सर. ऐसे ही कुछ ही मिनटों में यह मोशन पोस्टर वायरल हो गया है.

## आयुष्मान ने बताई ड्रीम गर्ल 2 की नई रिलीज डेट, पठान से की दिल की बात

आयुष्मान खुराना बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी फिल्में सबसे हटके होती हैं और बॉक्स ऑफिस पर कामयाब भी होती हैं। उनकी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का भी बड़ी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है और अब आयुष्मान ने अपनी इस फिल्म के टीजर के जरिए इसे लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है। दरअसल, आयुष्मान अब पूजा बन एक बार फिर अपनी आवाज का जादू बिखेरने को तैयार हैं।



आयुष्मान ने फिल्म का टीजर साझा किया है, जिसमें पूजा बनी आयुष्मान को पठान यानी शाहरुख खान की कॉल आती है। वह कहते हैं कि जल्द ही उनकी जवान आ रही है, जिस पर आयुष्मान कहते हैं कि जल्द ही उनकी जवानी भी आ रही है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप लम्बे समय से रुके कार्यों को समाप्त करने में सफल हो सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से आपको सहयोग या मुलाकात हो सकती है। आपके दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए दिन फेवरेबल है।

***मिथुन :*** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको किसी खास काम में सफलता हासिल होगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बना सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी से प्रभावित होंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा । आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं। साथ ही आप अपने किसी रिश्तेदार को भी साथ ले जा सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की या कोई अन्य योजना बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से अलग से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

***कन्या :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आयेगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे।

***तुला :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा हो सकता है। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता करेगी।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना उत्तम रहेगा। प्रेमी के लिए दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को करियर में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

***धनु :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

***मकर :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आपको भरोसा करने से बचना चाहिए।

***कुंभ :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में इजाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

***मीन :*** आज आप अपनी ऊर्जा का अच्छे कामों सदुपयोग करेंगे । सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

## व्रत में आपकी भूख शांत करेगी आलू कुट्टू की पूरी

जल्द ही शिवरात्रि का त्योहार आने वाला है। ऐसे में अगर आप इस पर्व के दिन व्रत रख रहे हैं और फलाहार के लिए कोई बढ़िया विकल्प ढूंढ रहे हैं, तो कुट्टू की पूरी आपके लिए परफेक्ट साबित होगी।



### सामग्री :

- 250 ग्राम कुट्टू का आटा
- 3-4 ग्राम उबले आलू
- एक चम्मच सेंधा नमक
- घी तलने के लिए
- सूखा आटा लगाने के लिए
- पानी आटा गूंथने के लिए

### विधि :

सबसे पहले उबले आलू को अच्छे से मैश कर लें।

अब कुट्टु का आटा, आलू और नमक मिलाकर कड़ा आटा गूंथ लें।

अब इस आटे को ढककर करीब 30 मिनट के लिए छोड़ दें।

इसके बाद आटे की छोटी-छोटी लोई तोड़कर इसे गोलाकार में बना लें।

अब एक-एक कर इस लोई से पूरियां बेल लें।

कढ़ाई में घी गर्म करने के लिए रखें और फिर तैयार की गई पूरियों को एक-एक कर तल लें।

गहरा ब्राउन होने तक इसे अच्छे से तले और टिशू पेपर पर निकाल लें।

तैयार है गर्मागर्म आलू कुट्टु की पूरी। इसे दही या चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 343

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |